instructions to NCTE to alter the prescribed teacher-student ratios.

Deep and ICDS Components of World Bank Project

4240. SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether a request has been received from the Government of Andhra Pradesh for resolution of issues concerning District Primary Education Project (DPEP) and Integrated Child Development Services (ICDS) components of Wold Bank Project; and

(b) if so, the action taken thereon?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) Yes, Sir.

(b) The Primary Education Component of the Andhra Pradesh Economic Restructuring Project (APERP) has been negotiated as State Sector Project to be implemented through Andhra Pradesh Pradhamika Vidya Parishad, Hyderabad (DPEP Society) which implements District Primary Education Programme in Andhra Pradesh.

The ICDS component of APERP would be a centrally sponsored scheme handled in the Deptt. of Women and Child Development.

Staff Quarters Constructed by KVS

4241. SHRI RAGHAVJI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details/number of staff quarters constructed by Kendriya Vidyalaya Sangathan in Delhi Cantonment Kendriya Vidyalayas, Vidyalaya-wise;

(b) how many and which of these have been allotted out of turn from 1995 onwards till date, Vidyalaya-wise along with allottee's names;

(c) the justification of such arbitrariness;

(d) whether any unauthorised and additional construction has been indulged in by some of the occupants of staff quarters in KV number 2; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

महिलाओं के लिए प्रशिक्षण-एवं रोजगार कार्यक्रम

4242. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत भेजी गई राज्यों की परियोजनाओं/प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे अनुदान प्राप्त करने के मानदण्ड क्या है; और

(ग) उत्तर प्रदेश के संबंध में कितने प्रस्ताव अब तक स्वीकृत किए गए है और कितने लम्बित पड़े हैं तथा उन्हें कब तक स्वीकृति दिए जाने की संभावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (डा॰ मुरली मनोहर जोशी): (क) पिछले दो वर्षों के दौरान महिलाओं के लिए प्रशिक्षण तथा रोजगार कार्यक्रम हेतु सहायता स्कीम के अन्तर्गत स्वीकृत की गई परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है **(नीचे देखिये)**

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, संघ सहकारिताएं तथा गैर-सरकारी स्वैच्छिक संगठन, जो सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम; 1860 अथवा इसके समतुल्य राज्य सरकार के अधिनियम के

अन्तर्गत पंजीकृत है और जिनका कानूनी दर्जा है, स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। आवेदन देने के समय, संगठन अपने सम्बन्धित क्षेत्र में पंजीकृत संगठन के रूप में कम के कम तीन वर्षों से कार्यरत हो। आवेदन गैर-सरकारी संगठन के पास पर्याप्त अवसंरचना, संबंधित क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता, सुविधाओं, संसाधनों, अनुभव सहित अच्छी वित्तीय स्थिति तथा परियोजना चलाने के लिए प्रशासनिक क्षमता होनी चाहिए।

(ग) पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश से प्राप्त तीन प्रस्तावों को अनुमोदित कर दिया गया है तथा छः प्रस्तावों पर कार्रवाई की जा रही है। प्रस्तावों को अनुमोदित करना इस बात पर निर्भर करता है कि स्कीम के तहत अपेक्षाओं को कितने समय में पूरा किया जाना है।

विवरण

राज्य		स्वीकृत परियोजनाएं 1996-97	1997-98
1.	आन्ध्र प्रदेश	—	4
2.	बिहार	1	—
3.	गुजरात	1	—
4.	हरियाणा	—	1
5.	कर्नाटक	1	—
6.	केरल	1	—
7.	मणिपुर	1	—
8.	मध्य प्रदेश	1	—
9.	महाराष्ट्र	—	1
10.	त्रिपुरा	—	1
11.	उत्तर प्रदेश	1	2
12.	पश्चिम बंगाल	—	1

200th Death Anniversary of Tipu Sultan

4243. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government have any plans to commemorate the 200th anniversary of the death of Tipu Sultan, falling in 1999.

(b) if not, whether Government will consider to commemorate the death anniversary and constitute a Committee; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) Not yet Sir.

(b) and (c) The Government has yet not considered the issue of observance of 200th death anniversary of Tipu Sultan.

दलित वर्गों के लड़कों को शिक्षा देना

4244. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात के मद्देनजर कि आजकल सामान्य शिक्षा, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, विशेषकर तकनीकी शिक्षा काफी महंगी हो गई है, सामान्य, निम्न और दलित वर्गों के परिवारों के लड़कों को उनकी रुचि के अनुसार शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, और